Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open a Central University in Vikramshila and develop Bhagalpur as smart city.

श्री अजय कुमार मंडल (भागलपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपसे एक प्रार्थना करता हूँ, आप मेरे संरक्षक, गार्जिन हैं और मैं शून्य काल में पहली बार बोल रहा हूँ। …(व्यवधान) आज का अपना शून्य काल का मुद्दा उठाने से पहले मैं एक-दो मिनट में कुछ अच्छी बात कहना चाहता हूँ। …(व्यवधान) कृपया मुझे अनुमति दें। …(व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, महाभारत कालीन दानवीर कर्ण का अंग प्रदेश – भागलपुर-गंगा में पाए जाने वाले डॉलफिन, नौगछिया का मक्का, कतरनी चावल, जर्दालु आम, अंगिका भाषा, भागलपुरी रेशम, विक्रमशिला, विक्रमशिला, बटेश्वर स्थान, दिगंबर जैन मंदिर, महर्षि आश्रम, माँगनशाह दरगाह, तिलकामांझी, रविन्द्र नाथ टैगोर के कारण देश-विदेशों में विख्यात है।

भागलपुर की रेशमी साड़ी को कौन नहीं जनता। हमारी बहन आदरणीय कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी वस्त्र मंत्रालय को एक सफल मंत्रालय बना रही हैं। भागलपुर सिल्क के लिए वे जरूर कुछ अच्छा करेंगी। ऐसी मेरी आशा है। माननीय मुख्य मंत्री नीतीश बाबू और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की भागलपुर पर विशेष कृपा है।

जब सन् 2015 में पीएम पैकेज घोषित किया गया था, तब विक्रमशिला में केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापना हेतु 500 करोड़ घोषित किए गए थे, परंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। भागलपुर स्मार्ट सिटी घोषित हुआ था, परंतु यह परियोजना ठीक ढंग से अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पा रही है। परंतु इन दो परियोजनाओं के अलावा अन्य परियोजनाओं की प्रगति संतोषप्रद है, जिसमें एनएच-106 बिहपुर से बीरपुर का अपग्रेड होना, भागलपुर बाई पास निर्माण, भागलपुर-हंसडीहा फोरलेन की स्वीकृति, भागलपुर-नौगछिया विक्रमशिला वैकल्पिक पुल, मेडिकल कॉलेज का अपग्रेडेशन, पेट्रोलियम, संचार, रेल और विद्युत मंत्रालय की परियोजनाएं, ट्रिपल आईटी – भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रो-केमिकल्स एण्ड टैक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना आदि शामिल है।

पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा की राशि मेरे संसदीय क्षेत्र को मिली है, माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से। मैं इस मदद के लिए प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ और उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूँ।

16.00 hrs

मैं विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना, भागलपुर स्मार्ट सिटी में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति, रेशम उद्योग को बढ़ावा देने और भागलपुर हवाई अड्डे की स्थापना के लिए आग्रह करता हूँ।

हमारे क्षेत्र को बहुत कुछ मिला है। मैं प्रधान मंत्री जी को पुन: कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी द्वारा कल 18.09.2020 को नवनिर्मित शिवनारायणपुर-भागलपुर रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की गई। इस अवसर पर मुझे भी विशिष्ट अतिथि के रूप में रखा गया था। आमंत्रण पत्र में मेरा नाम भी उल्लेख था, परन्तु डीआरएम मालदा द्वारा न तो मुझे सूचना दी गई और न ही आमंत्रण दिया गया। इस डीआरएम की कार्य शैली भी आम तौर पर आपत्तिजनक है। महोदय, इस घटना से पता चलता है कि अगर वह सांसदों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, तो जनता के साथ कैसा करते होंगे…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री अजय कुमार मंडल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

प्रो. सौगत राय।